राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@yahoo.com Ph.: 0141-2706847(O);

पत्रांक: CCE/ P&C/ ISDC/SLGKC/ 2019/ 846 Date: 20th June 2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।

विषयः– राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक 13 जुलाई 2019 को आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रातियोगिता परीक्षा के संबंध में।

संदर्भः– आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा का पत्रांक CCE/ P&C/ ISDC/ 2019/ SLGKC/819 दिनांक 28.05.2019।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रदेश के सभी 252 राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के लिये आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशन में दिनांक 13.07.2019 को राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुनः लेख है कि–

1. सत्र 2018–19 के सभी नियमित विद्यार्थी इस परीक्षा के आवेदन हेतु पात्र हैं।
2. सत्र 2019–20 में दिनांक 30.06.2019 तक प्रवेशित सभी नये विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु पात्र होगें।
3. **इस परीक्षा का आवेदन फॉर्म विद्यार्थियों की सहायता हेतु आयुक्तालय की वेबसाईट पर उपर्युक्त संदर्भित पत्र के साथ दिनांक 28.05.2019 को अपलोड़ किया गया है जिसे विद्यार्थियों द्वारा ऑफलाईन भरकर 01 जुलाई 2019 तक भरकर महाविद्यालय में जमा करवाना होगा।** यह आवेदन पत्र निःशुल्क है एवं विद्यार्थियों द्वारा मांग किये जाने पर महाविद्यालय स्तर से प्रति विद्यार्थी एक प्रति निःशुल्क उपलब्ध करवायी जावें।
4. जिन महाविद्यालों द्वारा विद्यार्थियों का पंजीकरण नहीं किया गया है, वे शीघ्रातीशीघ्र विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें।
5. **इस परीक्षा की सूचना विद्यार्थियों को नोटिस बोर्ड एवं स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवाकर करवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सके।**
6. **परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून के स्थान पर 01 जुलाई 2019 होगी।**
7. इस परीक्षा के सफल संचालन के लिये महाविद्यालयों को एक समिति का गठन कर प्रभारी नियुक्त करने के लिये निर्देशित किया गया था। जिन महाविद्यालयों में समिति का गठन नहीं हुआ है वे अविलंब इस समिति का गठन किया जाना सुनिश्चित करें।
8. इस प्रतियोगी परीक्षा हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों की सूचना एवं इस परीक्षा के लिये नियुक्त प्रभारी के नाम एवं मोबाईल नंबर आयुक्तालय को दिनांक 02.07.2019 तक आवश्यक रूप से प्रेषित करें, ताकि इस परीक्षा के सफल संचालन के लिये आगामी व्यवस्थाएं सुनिश्चत करवायी जा सकें। इस सूचना प्रेषण हेतु फॉर्मेट महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिया जावेगा।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

पत्रांक: CCE/ P&C/ ISDC/SLGKC/ 2019/ 847-48 Date: 20th June 2019

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ हेतु प्रेषित है–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक HRD/ PI/ P&C/ Acad./ Admn./RUSA/RVRES आकाशि, जयपुर।
7. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर।
8. संबंधित महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को निर्देशानुसार पत्र की प्रति भेजकर लेख है कि संबधित महाविद्यालयों से संपर्क कर आदेश की क्रियान्विति सुनिश्चित करावें।
9. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

20/6/19

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

Scanned by CamScanner